Title: Need to take adequate steps to check the increasing activities of I.S.I. in the country.

श्री राधा मोहन सिंह (मोतिहारी): महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान बिहार के नेपाल से लगते सीमावर्ती जिलों की ओर दिलाना चाहता हूं। नेपाल सीमा से लगते मोतिहारी और अन्य जिलों में आई.एस.आई. की गतिविधियां पिछले कई सालों से चल रही हैं और इन्होंने पूरे बिहार प्रदेश में अपना जाल फैलाना आरम्भ कर दिया है, जिसके कारण अवैध हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी हो रही हैं। अगर समय रहते मोतिहारी और अन्य जिलों में आई.एस.आई. की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो पूरा बिहार इसकी चपेट में आ जायेगा।

पाकिस्तान लगातार हमारे खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां चला रहा है। आई.एस.आई. के माध्यम से देश के कई राज्यों में इन्होंने घुसपैठ बना ली है और धीरे-धीरे अन्य जगहों पर अपना जाल फैला रहे हैं, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार इनके प्रमुख स्थल बन गये हैं। अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि सरकार इस ओर तुरन्त ध्यान दें और आई.एस.आई. की गतिविधियों पर अंकुश लगावें।